इलाही नाम का सौदा कमा ले जिस का जी चाहे लिरिक्स

इलाही नाम का सौदा,
कमा ले जिस का जी चाहे।bd।

देखे – लगाले प्रेम ईश्वर से।

छोड़ सब दुनिया का धंधा,
तेरा दिल हो रहा गंधा,
लगा हरि नाम का साबुन,
धुला ले जिसका जी चाहे,
इल्लाही नाम का सौदा,
कमा ले जिस का जी चाहे।bd।

होय जब पाक दिल तेरा,
मिले सतगुरु तुझे रेजवा,
रंगे फिर आप रंग तुझको,
रंगा ले जिस का जी चाहे,
इल्लाही नाम का सौदा,
कमा ले जिस का जी चाहे।bd।

लगे जब ज्ञान रंग पक्का,
न जा फिर द्वारिका मक्का,
दिलों में दिलवर का दर्शन,
करा ले जिस का जी चाहे,
इल्लाही नाम का सौदा,
कमा ले जिस का जी चाहे।bd।

लखो सब घट घट में वोई,
तेरा निज रूप है सोई,
‘अचलराम’ दुई का पड़दा,
हटा ले जिसका जी चाहे,
इल्लाही नाम का सौदा,
कमा ले जिस का जी चाहे।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

इलाही नाम का सौदा,
कमा ले जिस का जी चाहे।bd।

गायक – राधेश्याम शर्मा।
रचना – स्वामी अचलराम जी महाराज।
प्रेषक – सांवरिया निवाई।
मो. – 7014827014

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com